किसान की पत्नी भोजन बनाकर पहले भगवान को भोग लगाती थी। 3. अचानक दशरथ की गृहस्थी को नजर लग गई कि उसका पुत्र श्याम एक दुर्घटना में बुरी तरह जख्मी हो गया। **(क)** 1. दशरथ का छोटा-सा सुखी परिवार था। सभी में आपस में बहुत प्यार और एक-दूसरे के साथ मिल-जुलकर रहते थे। दशरथ के घर में उसकी समझदार पत्नी कमला, उसका मेहनती पुत्र श्याम और उसकी सुन्दर व सुशील पुत्रवधु राधा रहते थे। चारों ही बहुत संतोषी स्वभाव के थे। 2. दशरथ अपने पुत्र के साथ मिलकर छोटे-से खेत में गुजर-बसर करने के लिए अनाज पैदा कर लेता था। उस अनाज को बेचकर वह घर की सभी जरूरतें पूरी करता था। 3. शहर से लौटते हुए श्याम भीषण बस-दुर्घटना में बुरी तरह जख्मी हो गया था। दशरथ ने उसके इलाज के लिये अपने खेत, मकान, पशु तथा गहने-आभूषण आदि बेच दिये थे। 4. दशरथ खेतों से अनाज कटने के बाद वहाँ गिरे अनाज के कणों को बीनने का काम करता था। उस अनाज को वह अपने घर ले आता था। 5. दशरथ ने कहा, ''बेटी! तुम भूख से बहुत दुबली हो गई हो और अब इस तरह उपवास करने से तो तुम्हारा जीवन ही कठिन हो जाएगा, इसलिए तुम अपना हिस्सा रहने दो।'' 6. राधा ने कहा, ''पिताजी, आपने ही तो सिखाया है कि अतिथि साक्षात् भगवान का रूप होते हैं। अतिथि की सेवा करना हमारा परम धर्म है। मैं अपने प्राणों के लिए अपने धर्म को नहीं भूल सकती। कृपा कर मुझे भी अपने हिस्से का भोजन ब्राह्मण देवता को देने की अनुमति प्रदान करें।'' 7. अतिथि साक्षात् भगवान विष्णु थे। **हॉट प्रश्न –** 1. किसान दशरथ के पास एक छोटा-सा खेत, एक कुँआ, खेत जोतने के लिए एक जोड़ी बैल, एक गाय और रहने के लिए स्वयं का पक्का मकान था। 2. किसान की पत्नी गाय का दूध निकालती उसको चारा-पानी देती और जितनी जरुरत होती उतना दूध निकालकर बचा हुआ दूध बेच देती। 3. किसान के घर अतिथि बनकर स्वयं भगवान विष्णु आए। **(ख)** 1. घ 2. ग 3. घ **(ग)** 1. संतोषी 2. खेती 3. ऑपरेशन, सब कुछ 4. अनाज 5. भीषण अकाल 6. भगवान विष्णु 7. भगवान। **(घ)** 1. (✗) 2. (✗) 3. (✓) 4. (✓) 5. (✗) 6. (✓)।

अध्याय- 8 बड़ों की आज्ञाकारिता

मौखिक अभ्यास – 1. जंगल में पेड़ों के बीच एक बहुत बड़ा कुँआ था। 2. अचानक एक बंदर की नजर कुएँ के पानी पर गई तो उसे देखकर आश्चर्य हुआ कि कुएँ के पानी में तो चाँद चमक रहा है। 3. बूढ़ा बन्दर उन बन्दरों की मूर्खता पर हँसा। **(क)** 1. पूरा जंगल पूर्णमासी के चाँद के प्रकाश से जगमगा रहा था। ऐसी चाँदनी रात में बन्दर के बच्चों को नींद नहीं आ रही थी। 2. कुएँ की मुंडेर पर जाकर बन्दर के बच्चे ने देखा कि कुएँ के पानी में चाँद चमक रहा है। यह देखकर उसे बहुत आश्चर्य हुआ। 3. सभी बन्दरों ने सोचा कि चन्द्रमा पानी में गिर गया है और डूब रहा है। यदि चन्दा मामा कुएँ में डूब गये तो हमें रात में प्रकाश कौन देगा? हमारी तो रातें अंधेरी हो जाएँगी। यह सोचकर सारे बन्दर बहुत घबरा गए। 4. सभी बन्दर मिल-जुलकर इस नतीजे पर पहुँचे कि किसी भी तरह चाँद को कुएँ के पानी में डूबने से बचाना है। 5. बूढ़ा बन्दर बोला, ''तुम जिसे चाँद समझ रहे हो, वह चाँद नहीं उसकी परछाईं है। चाँद तो बहुत बड़ा होता है, वह भला इतने से कुएँ में कैसे गिर सकता है ? वह आकाश में रहता है और हम जिस पृथ्वी पर रहते हैं, वह उसका चक्कर काटता है।'' 6. मादा बन्दर बोली, ''जो बन्दर सबसे मोटा है, वह कुएँ के ऊपर झुकी पेड़ की टहनी को पकड़कर नीचे लटकेगा और बाकी बन्दर जो वजन में हल्के हैं, उसकी पूँछ पकड़कर लटकेंगे और कुएँ के पानी तक पहुँचेंगे। सबसे नीचे वाला बन्दर एक हाथ से कुएँ से चाँद निकालेगा तथा अपने से ऊपर वाले बन्दरों की पीठ पर चढ़ता हुआ बाहर निकल आयेगा।'' 7. क्योंकि नीचे वाले बन्दर ने जैसे ही चन्द्रमा को पकड़ने के लिए पानी में हाथ मारा, पानी हिल गया और पानी में चन्द्रमा की परछाईं बिखर गई, बार-बार ऐसा ही होता रहा। अन्त में दर्द के कारण मोटे बन्दर से पेड़ की टहनी छूट गयी और सारे बन्दर कुएँ में जा गिरे। **हॉट प्रश्न –** 1. अचानक बंदर जोर-जोर से इसलिए चिल्लाने लगा क्योंकि उसके मन में यह विचार आया कि कहीं आकाश का चाँद पानी में तो नहीं गिर गया है। 2. सभी बंदर मिलजुल कर इस नतीजे पर पहुँचे कि ''किस भी तरह चाँद को कुएँ के पानी में डूबने से बचाना है।'' 3. मादा बन्दर की योजना थी कि जो बन्दर सबसे मोटा है वो कुएँ के ऊपर झुकी पेड़ की टहनी को पकड़कर नीचे लटकेगा और बाकी बन्दर जो वजन में हल्के है, उसकी पूँछ पकड़कर लटकेंगे और कुएँ के पानी तक पहुँचेगे। सबसे नीचे वाला बन्दर एक हाथ से कुएँ से चाँद निकालेगा तथा अपने से ऊपर वाले बंदरों की पीठ पर चढ़ता हुआ बाहर निकल आयेगा। **(ख)** 1. क 2. ख 3. ग **(ग)** 1. बन्दरों 2. पूर्णमासी 3. चाँद 4. डूबने 5. बेवकूफों, परछाईं 6. दर्द, टहनी, गिरे **(घ)** 1. (✗) 2. (✓) 3. (✓) 4. (✗) 5. (✗) 6. (✓) 7. (✓)।

अध्याय- 9 व्यावहारिक बुद्धि की श्रेष्ठता

मौखिक अभ्यास – 1. चारों लड़कों के नाम केशव, माधव, हरि और गोपाल था। 2. चारों नगर में एक धर्मशाला में ठहरे। 3. गोपाल घी खरीदने गया। **(क)** 1. चारों मित्रों के नाम- केशव, माधव, हरि और गोपाल थे। वे उच्च-शिक्षा के लिये काशी गये थे। 2. चारों लड़कों में केशव ने व्याकरण विषय चुना तो माधव ने ज्योतिष, हरि ने वैद्यक और गोपाल ने न्याय विषय चुना। 3. राजा ने उन चारों के लिए चावल-दाल, साग-सब्जी आदि सामान खरीदने के लिए रूपये और एक घोड़ा भिजवाया। 4. चारों मित्रों ने एक-एक काम बाँट लिया। माधव घोड़े को चराने ले गया। हरि सब्जी मंडी में सब्जी लेने गया, गोपाल ने कहा कि वह घी खरीदने जाएगा और केशव ने कहा कि वह सभी के लिये खाना बनाएगा। 5. गोपाल के मन में विचार आया कि बर्तन के सहारे घी टिका है या घी के सहारे बर्तन। उसके बर्तन उल्टा करते ही सारा घी जमीन पर बिखर गया। 6. हरि ने सब्जी के पैसों से नीम की दातून खरीद ली। केशव खिचड़ी पका रहा था, जब खिचड़ी पकने लगी तो 'खदबद' की आवाज होने लगी। केशव व्याकरण का ज्ञाता था और उसने सोचा 'खदबद' अशुद्ध होता है 'सत्यवंद' होना चाहिए। ऐसा कहते हुए कलछी से पतीले को पीटने लगा, लेकिन उसमें से 'खदबद' की आवाज आनी बंद नहीं हुई तो केशव आग-बबूला हो गया और गुस्से में आकर उसने पतीले को आग पर से उतारकर कूड़े में उलट दिया। 7. राजा ने उन चारों मित्रों को समझाते हुए कहा, ''विद्या का अर्थ यह नहीं कि तुम बुद्धि का प्रयोग बंद कर दो। बिना सोचे-विचारे काम करोगे, तो कभी सफलता नहीं मिलेगी। आगे से जो भी कार्य करो, उसमें विद्या के साथ-साथ बुद्धि का उपयोग भी भली प्रकार से करो। तुम्हें निश्चित ही सफलता मिलेगी। **हॉट प्रश्न –** 1. चारों लड़के उच्च शिक्षा के लिए काशी गए। 2. लोग गोपाल पर इसलिए हँस रहे थे क्योंकि उसने घी का डिब्बा उल्टा कर दिया था। 3. हरि जैसा मूर्ख ग्राहक पाकर स्त्री बहुत खुश थी। **(ख)** 1. क 2. ग 3. ख **(ग)** 1. होशियार, मन 2. पढ़-लिखकर 3. चावल-दाल, रुपये, घोड़ा 4. हिसाब, राह 5. आप-बीती 6. विद्या, बुद्धि 7. किताबी ज्ञान। **(ख)** 1. (✗) 2. (✗) 3. (✓) 4. (✓) 5. (✗) 6. (✗) 7. (✓)।

कक्षा - 6

अध्याय- 2 गुरुभक्त आरुणि

मौखिक अभ्यास – 1. पुराने समय में पढ़ाई गुरुकुलों में होती थी। 2. गुरुकुल घरों से दूर हुआ करते थे। 3. काफी रात बीतने पर भी जब आरुणि घर नहीं लौटा तो ऋषि धौम्य को चिंता हुई। **(क)** 1. पुराने समय में छात्र गुरुकुलों में पढ़ाई करते थे। 2. धौम्य ऋषि ने आरुणि को बाढ़ का पानी रोकने के लिये खेतों पर भेजा। 3. आरुणि ने खेत की टूटी मेड़ को ठीक करने की कोशिश की, लेकिन पानी की तेज धारा मिट्टी को बहा ले जाती। आरुणि लगातार जुटा रहा, पर मेड़ में से पानी का बहना नहीं रुका। अन्त में आरुणि को जब कुछ न सूझा, तो वह खुद मेड़ पर लेट गया। 4. काफी रात बीतने पर भी जब आरुणि नहीं लौटा तो ऋषि धौम्य को चिन्ता हुई। वह शिष्यों को साथ ले आरुणि को खोजने लगे, परन्तु आरुणि कहीं भी न दिखा। ऋषि के पुकारने पर आरुणि ने चिल्लाकर जवाब दिया। धौम्य ऋषि ने आरुणि को मेड़ पर पड़ा देखा तो उसे गले लगा लिया। 5. आरुणि को लोग गुरु-भक्ति के लिए याद करते हैं। **हॉट प्रश्न –** 1. गुरुभक्त शिष्य आरुणि था। 2. पानी रोकने के लिए आरुणि खेत की मेड़ पर लेट गया। **(ख)** 1. स 2. द 3. अ **(ग)** 1. गुरुभक्त 2. खेत 3. सेवा 4. मिट्टी 5. गले। **(घ)** 1. (✓) 2. (✗) 3. (✓) 4. (✗) 5. (✗)।

अध्याय- 3 परोपकारी बालक

मौखिक अभ्यास – 1. आदमी रेलवे में चौकीदारी का काम करता था। 2. लड़के ने बाहर निकलकर पुल को टूटा हुआ देखा। 3. लड़के ने खूब चिल्लाकर कहा – 'पुल टूट गया है, पुल टूट गया है।' **(क)** 1. लड़के ने टूटे पुल को देखकर गाड़ी को रोकने की तरकीब सोची। वह ठेले को नाके पर ले जाकर अपने हाथ में लाल रोशनी लेकर उस पर खड़ा हो गया। रेलगाड़ी आने पर लड़के ने खूब चिल्लाकर गाड़ी रोकने के लिए कहा, इतने में गाड़ी का इंजन का धक्का ठेले को लगा और ठेला चूर-चूर हो गया एवं लड़का दूर उछलकर गिरा। उसके बाद गाड़ी रुक गई। 2. लड़के ने रात की अन्तिम गाड़ी को रोकने का निश्चय किया। 3. तूफान आने पर जोरों की वर्षा होने लगी। उसके बाद नदी में बाढ़ आ गई और कई गाँव बह गये। पुल भी टूट गया। 4. रेलगाड़ी पहाड़ के एक तंग दर्रे से होकर निकलती थी। 5. लड़के की कब्र पर 'कार्ल स्प्रिंगेल, उम्र 14 वर्ष' लिखा गया। **हॉट प्रश्न –** 1. बाढ़ का असर गाँवों पर यहा रहा कि उस बाढ़ में कई गाँव बह गए। 2. लड़के ने एक ठेला पटरीयों पर खड़ा किया और हाथ में लाल रोशनी लेकर उस पर खड़ा हो गया। 3. ठेले को इंजन का धक्का लगने पर वह ठेला उस लड़के को कई फुट ऊँचा उछालकर गिरा और चूर-चूर हो गया। उसके बाद गाड़ी तो रुक गई परन्तु उस लड़के की मृत्यु हो गई। **(ख)** 1. स 2. ब 3. स **(ग)** 1. लाल-बत्ती 2. परोपकार 3. गाड़ी 4. चौदह 5. दर्रे। **(घ)** 1. (✗) 2. (✓) 3. (✗) 4. (✗) 5. (✗)।

अध्याय- 4 अतिथि-सत्कार

मौखिक अभ्यास – 1. ब्राह्मण ने विवाह के समय अपनी पत्नी से कहा कि गृहस्थ का खास काम है – अतिथि सत्कार करना। मैं घर में होऊँ या न होऊँ, कोई भी अतिथि आए तो उसे भूखा मत जाने देना। 2. ब्राह्मण कान्जी नगरी में भिक्षा माँगने का कार्य करता था। 3. भगवान बूढ़े सन्यासी के रुप में ब्राह्मण के घर आएँ। **(क)** 1. ब्राह्मण नाई के घर से कैंची लाया। 2. सन्यासी ने आशीर्वाद दिया कि तुम्हारे केश ठीक हो जायें, बढ़िया कपड़े हो जाएं, धन-धान्य से भण्डार भर जायें आदि। 3. दामोदर ने पत्नी के कटे हुए केशों से बनी रस्सी को बाजार में बेच दिया। उससे जो थोड़े पैसे मिले, उनसे चावल और दाल ले आया। ब्राह्मण की पत्नी ने भोजन बनाकर आदर-पूर्वक सन्यासी को भोजन करा दिया। 4. ब्राह्मण की पत्नी ने सन्यासी के भोजन के लिये चावल और दाल बनाये। 5. भगवान बूढ़े सन्यासी के रूप में ब्राह्मण के घर गये। **हॉट प्रश्न –** 1. ब्राह्मण के घर की स्थिति बहुत दयनीय थी। खाने के लिए अन्न भी नहीं रहता था। 2. ब्राह्मण की पत्नी ने घर में कुछ न होने पर अपने केश भीतर से काट लिए और उसकी रस्सी बनाकर बाजार में बेचने के लिए दे दी। 3. शाम के भोजन में दाल और चावल दिए गए। **(ख)** 1. ब 2. स 3. द **(ग)** 1. लीला 2. सम्पत्ति 3. कैंची 4. केशों 5. अतिथि। **(घ)** 1. (✗) 2. (✗) 3. (✓) 4. (✗) 5. (✓)।

अध्याय- 5 क्रोध को जीतो

मौखिक अभ्यास – 1. सुकरात महान विचारक और प्रसिद्ध दार्शनिक थे। 2. लोगों के बेसिर-पैर के प्रश्न पूछने पर सुकरात तनिक भी क्रोध प्रकट किये बिना उनके प्रश्नों का उत्तर देते रहते थे। 3. सुकरात की पत्नी ने बाल्टी का गंदा पानी सुकरात के ऊपर डाल दिया। **(क)** 1. सुकरात शांत स्वभाव के महान् विचारक और दार्शनिक थे। किसी बात को आँख बंद करके मान लेना उनके स्वभाव में नहीं था। 2. सुकरात की पत्नी उनके अधिक समय तक घर के बाहर रहने के कारण उनसे नाराज रहती थी। 3. सुकरात की पत्नी बड़े कठोर स्वभाव की स्त्री थी। वह अकारण ही सुकरात से झगड़ती रहती थी। 4. क्रोध से हानियाँ - (i) क्रोध में अपने-पराये का ज्ञान नष्ट हो जाता है। (ii) क्रोध में मनुष्य संयम खो देता है। (iii) क्रोध में झगड़ा होने का डर रहता है। (iv) क्रोध में बदला लेने की भावना पैदा होती है। (v) क्रोध मानव की एक कमजोर व हानिकारक प्रवृत्ति है। **हॉट प्रश्न –** 1. सुकरात अधिक समय तक लोगों से घिरे रहने के कारण घर के बाहर ही रहते थे। 2. पत्नी के झगड़ने पर भी शान्त भाव से सबकुछ सुनते रहते थे। 3. गन्दे पानी से भीगने पर भी सुकरात ने शांत भाव से कहा कि इतनी भीषण गर्जना के बाद वर्षा तो होनी ही थी। **(ख)** 1. अ 2. ब 3. ब 4. ब **(ग)** 1. कठोर 2. दार्शनिक 3. आयु 4. वर्षा 5. झगड़ा। **(घ)** 1. (✗) 2. (✓) 3. (✗) 4. (✓) 5. (✗)।

अध्याय- 6 कोरा ज्ञान

मौखिक अभ्यास – 1. रामनाथ संस्कृत का विद्वान बनकर गाँव लौटा। 2. पंडित जी पोथी-पत्र लेकर पुराण बाँचने के लिए दूसरे गाँव चल पड़े। 3. पंडित जी ने मल्लाह से कहा कि मैं तुझे उतराई तो दुँगा ही, साथ मैं बहुत सी ज्ञान की बाते बतलाऊँगा। **(क)** 1. पण्डितजी को अपनी शिक्षा और ज्ञान का अभिमान था। 2. तूफान आने पर तेज वर्षा होने लगी। नाव डगमगाने लगी और अन्त में नाव उलट गयी। पण्डिजी को तैरना नहीं आने के कारण वे पानी में डूबने लगे। मल्लाह सुमेर ने पण्डिजी को सहारा देकर उनके प्राण बचा लिये। 3. कोरा ज्ञान जिन्दगी में ज्यादा काम नहीं आता है। हमें ज्ञान के अलावा जरूरी कार्य करने व सीखने अवश्य चाँहिये। 4. रमानाथ ने काशी में शिक्षा प्राप्त की। 5. मल्लाह सुमेर यात्रियों की प्रतीक्षा कर रहा था। **हॉट प्रश्न –** 1. श्रावण महीने में पंडित के लिए दूसरे गाँव से पुराण बाँचने का बुलावा आया। 2.

पंडित जी ने मल्लाह से उतराई के साथ बहुत सा ज्ञान देने को कहा। 3. सुमेर ने पंडित जी को बचाने के बाद कहा, आपने बहुत ज्ञान तो प्राप्त कर लिया पर ऐसा ज्ञान किस काम का, जो मुसीबत आने पर प्राण न बचा सके। कुछ हाथ-पैर चलाना भी सीखना चाहिए। कोरा ज्ञान जिन्दगी में ज्यादा काम नहीं आता। **(ख)** 1. द 2. अ 3. ब **(ग)** 1. अभिमान 2. श्रावण 3. प्रवाह 4. नाव 5. कोरा ज्ञान। **(घ)** 1. (✗) 2. (✓) 3. (✗) 4. (✗) 5. (✗)।

अध्याय- 7 आस-पास की स्वच्छता

मौखिक अभ्यास – 1. स्वस्थ रहने के लिए हमें स्वच्छ रहना आवश्यक है। 2. सामान को उचित स्थान पर रखने का फायदा यह हैं कि उसे ढूढ़ने में समय नहीं लगता। 3. स्वच्छ एवं सँवरे हुए घर में हमें स्वच्छता के साथ-साथ आनन्द की अनुभूति भी होती है। **(क)** 1. हम बेकार व व्यर्थ पड़ी वस्तुओं को उठाकर कूड़ेदान में डालते हैं। अपने कमरे की सफाई स्वयं करते हैं। घर में धूल-मिट्टी नहीं लाते हैं और न ही फैलाते हैं। खेलकर आने पर पहले अपने हाथ, मुँह व पैरों को अच्छी तरह से धोते हैं, आदि कार्य कर हम घर की सफाई में अपनी मम्मी की सहायता करते हैं। 2. हम अपनी कक्षा में मकड़ी का जाला देखने पर अध्यापक को सूचित कर इन्हें साफ करवायेंगे। 3. विभिन्न प्रकार के कार्य करने के लिये प्रयोग की जाने वाली वस्तुओं को साफ रखेंगे। घर में इधर-उधर बिखरे हुए सामान को उचित स्थान पर साफ करके रखेंगे। अपने आस-पास के गड्ढ़ों को रेत आदि से भर देंगे, अपनी कक्षा को साफ रखने के लिये कागज व टॉफियों के छिलकों को कूड़ेदान में फेंककर सफाई में सहयोग देंगे। 4. घर का कूड़ा कूड़ादान में डालना चाहिये। **हॉट प्रश्न –** 1. अपने आस-पास का अर्थ घर, कक्षा, खेल का मैदान इत्यादि से है। 2. घर में सामान के इधर-उधर पड़ने पर एवं उस पर धूल जमने पर वे घर बहुत ही गन्दे लगते है और इस तरह के घरों में आना पसन्द नहीं करता। 3. कक्षा की स्वच्छता के लिए हमें कागज के टुकड़े, टॉफियों व चॉक के टुकड़ों आदि को कूड़ेदान में फैकना चाहिए। **(ख)** 1. ब 2. स 3. स **(ग)** 1. स्वच्छ 2. कूड़े 3. कीचड़ 4. प्रयोग 5. छिलकों **(घ)** 1. (✓) 2. (✗) 3. (✗) 4. (✓) 5. (✓)।

अध्याय- 8 ईश्वर जो करता है, अच्छा करता

मौखिक अभ्यास – 1. इस विश्व को बनाने वाला ईश्वर है। 2. हमें सही मार्ग दिखाने वाला भी ईश्वर है। 3. राजा का प्रधानमंत्री बहुत ही बुद्धिमान और ईश्वरभक्त था। **(क)** 1. ईश्वर विश्व को बनाने वाला है। 2. राजा की अँगुली कट जाने पर प्रधानमंत्री ने कहा, ''ईश्वर जो करता है, अच्छा ही करता है।'' 3. क्योंकि अंगहीन व्यक्ति की बलि नहीं दी जाती और राजा के हाथ की अँगुली कटी हुई थी। 4. राजा के हाथ की अँगुली कट गई थी। 5. ईश्वर की प्रत्येक बात हमें सहर्ष स्वीकार करनी चाहिए क्योंकि ईश्वर जो करता है, ठीक ही करता है। **हॉट प्रश्न –** 1. राजा की ऊँगली तलवार म्यान से निकालते हुए कट गई। 2. जब प्रधानमंत्री को जेल में डाला जा रहा था तो प्रधानमंत्री ने कहा कि 'ईश्वर जो करता है, अच्छा ही करता है।' 3. राजा की जान इसलिए बची क्योंकि राजा की एक ऊँगली कटी हुई थी और अंगहीन व्यक्ति की बलि नहीं दी जाती। **(ख)** 1. स 2. द 3. स **(ग)** 1. विश्व 2. अच्छा 3. तलवार 4. राजा 5. प्रधानमंत्री। **(घ)** 1. (✗) 2. (✓) 3. (✓) 4. (✓) 5. (✗)। **(ङ)** 1. (ब) 2. (अ) 3. (द) 4. (य) 5. (स)। **(ङ)** 1. (स) 2. (द) 3. (स)।

अध्याय- 9 अपनी भूल स्वीकारें!

मौखिक अभ्यास – 1. चोरी की आधारशिला गन्दी या गलत आदते है। 2. गाँधी जी आत्महत्या की इच्छा से मंदिर में गए। 3. गाँधी जी ने अपने बड़े भाई का ऋण चुकाने के लिए अपने हाथ में पहने सोने के कड़े से सोना काटकर बेचा और ऋण चुकाया। **(क)** 1. गाँधीजी के जीवन की घटनाओं के बारे में बताया गया है। 2. गाँधीजी ने अपने बड़े भाई का ऋण चुकाने के लिये उनके हाथ में पड़े सोने के कड़े से सोना काटकर बेचा और ऋण चुकाया। 3. गाँधीजी ने अपने पिता को पत्र लिखकर अपने द्वारा किये गए अपराध की उनसे क्षमा माँगी। 4. पिताजी की आँखों से आँसू निकल आए थे, क्योंकि बेटे ने अपनी भूल को स्वीकार कर लिया था। 5. गाँधीजी द्वारा अपने बड़े भाई का ऋण चुकाने के लिये उनके हाथ में पड़े सोने के कड़े से सोना काटकर बेचने की घटना का उनके मन पर बुरा प्रभाव पड़ा। **हॉट प्रश्न –** 1. गाँधीजी ने बीड़ी खरीदने के लिए अपने नौकर की जेब से चोरी की। 2. गाँधी जी ने खड़े होकर दो-तीन धतूरे के बीच खाए होगें कि उन्हें ज्ञान हो गया – 'आत्महत्या करना पाप है।' 3. गाँधी जी ने अपने पिता को पत्र इसलिए लिखा क्योंकि वह चोरी की आदत के लिए अपने पिता से क्षमा माँगना चाहते थे। **(ख)** 1. स 2. ब 3. ब **(ग)** 1. चोरी 2. पाप 3. नौकर 4. आँसू 5. दुःख। **(घ)** 1. (✗) 2. (✓) 3. (✗) 4. (✓) 5. (✗)।

अध्याय- 10 पुरुषार्थ

मौखिक अभ्यास – 1. मनुष्य का धर्म पुरुषार्थ करना है। 2. किसान की बैलगाड़ी का पहिया कीचड़ में फँस गया था। 3. 'भाग्य' ईश्वर के हाथ में हैं तो हमारे हाथ में पुरुषार्थ करना है। **(क)** 1. ईश्वर पुरुषार्थी व्यक्ति की सहायता करता है। 2. बैलगाड़ी अनाज से भरी हुई थी। 3. हमें भाग्य पर भरोसा नहीं करके अपना कर्त्तव्य करना चाहिए। 4. बैलगाड़ी का पहिया मार्ग में एक गड्ढे के कीचड़ में फँस गया था। 5. 'गीता' में भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को उपदेश देते हुए कहा है, ''हे, अर्जुन! तू कर्म करना मत छोड़। युद्ध करते-करते यदि तू मर गया तो स्वर्ग में जाएगा और यदि जीत गया तो राज्य का सुख भोगेगा।'' **हॉट प्रश्न –** 1. शक्ति के देवता ने किसान से कहा, ''पहिए को गड्ढ़े से निकालने के लिए पुरुषार्थ करो। भाग्य को कोसने से क्या बनेगा?'' 2. किसान इसलिए प्रसन्न हुआ क्योंकि जोर लगाने से गाड़ी का पहिया गड्ढ़े से बाहर आ गया था। 3. कहानी का मूलमंत्र है, ईश्वर उसी की सहायता करता है जो पुरुषार्थ करता है। **(ख)** 1. स 2. स 3. अ **(ग)** 1. पुरुषार्थ 2. प्यार 3. सिर 4. मार्ग 5. सहायता। **(घ)** 1. (✗) 2. (✗) 3. (✗) 4. (✓) 5. (✓)।

अध्याय- 11 जब साधु राजा बना

मौखिक अभ्यास – 1. राजा की मृत्यु के बाद परिवार जन लड़ने-झगड़ने लगे। 2. साधु के शहर में प्रवेश करते ही हथिनी ने झट सूँड़ से उठाकर बाबाजी को अपने ऊपर चढ़ा लिया। 3. राजा बने साधु ने राज्य के कार्य को भगवान का काम समझकर अच्छे तरीके से सँभाल लिया। **(क)** 1. साधु ने बक्से में अपने पहले के कपड़े, तूँबी, खडाऊँ आदि रखकर ताला लगा दिया। 2. रात हो जाने पर साधु शहर के दरवाजे के बाहर सो गया। 3. पड़ोसी राजा ने राज्य की समृद्धि देखकर आक्रमण कर दिया। 4. बाबाजी के राज्य में खजाना भर गया और प्रजा सुखी हो गयी। 5. हमें अपनी सत्यता कभी नहीं भूलनी चाहिए और लगनपूर्वक अपना कार्य करते रहना चाहिए। **हॉट प्रश्न –** 1.

राज्य के दरबारियों ने बाबाजी से कहा कि 'महाराज' हमने यह विचार कर लिया था कि शहर में जो सबसे पहले आएगा उसी को राज्य दे देंगे। 2. बाबाजी के अच्छे तरीके से राज्य कार्य करने का परिणाम यह हुआ कि राज्य की बहुत उन्नति हुई। खजाना भर गया और प्रजा सुखी हो गई। 3. साधु की बात सुनकर आक्रमणकारी राजा साधु के पैरों में गिर पड़ा और वापस लौट गया। **(ख)** 1. स 2. ब 3. स **(ग)** 1. ईश्वर 2. हथिनी 3. कामना 4. तूँबी 5. राज्य। **(घ)** 1. (✗) 2. (✓) 3. (✗) 4. (✓) 5. (✗)।

अध्याय- 12 जीवन के उपयोगी सिद्धांत

मौखिक अभ्यास – 1. हमें प्रतिदिन सूर्य निकलने से पहले सोकर उठना चाहिए। 2. हमें ईश्वर से दिनभर अच्छे कार्य करने के लिए प्रार्थना करनी चाहिए। 3. शरीर को स्वस्थ रखने के लिए व्यायाम करिए और थोड़ा आराम करके स्नान करिए। **(क)** 1. बड़ों से बातचीत करते समय 'जी' 'आप' और 'श्रीमान' जैसे आदरसूचक शब्दों का प्रयोग करना चाहिए। 2. चोरी करना पाप है। 3. अच्छे व्यक्तियों की संगत में बैठना चाहिए। 4. दीन-दुःखियों की सेवा ईश्वर की सेवा है। 5. सबसे मीठा बोलना चाहिए। **हॉट प्रश्न –** 1. क्योंकि क्रोध हमारा सबसे बड़ा शत्रु है। 2. हमें समय का आदर करना चाहिए क्योंकि समय बड़ा मुल्यवान है। 3. हमें अपनी आमदनी का कुछ नियमित हिस्सा दान में देना चाहिए क्योंकि प्रसन्नता से दिया गया दान दुगनी शान बढ़ाता है।

कक्षा - 7

अध्याय- 1 सबको सन्मति दे भगवान

मौखिक अभ्यास – 1. पूर्व समय में मानव आदिमानव था जो वनों में रहता था। 2. बड़े-बड़े जीवों को चिड़ियाघर में कैद आज मानव ने किया। 3. बहुत से जीव-जन्तुओं से स्वामीभक्त नौकरों की तरह आज का मानव काम लेता है। **(क)** 1. लंका के राजा रावण ने सीता का अपहरण किया था। 2. राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी ईश्वर से सन्मति (अच्छी बुद्धि) देने की प्रार्थना करते थे- ईश्वर, अल्लाह तेरे नाम। सबको, सन्मति दे भगवान॥ 3. राजा सोलोमन ने ईश्वर से सद्बुद्धि का वरदान माँगा ताकि प्रजा को प्रसन्न और सुखी रख सके। 4. आदि मानव के पास 'बुद्धि' थी, जो अन्य जीव-जन्तुओं के पास नहीं थी। 5. सोलोमन एक दयालु राजा था। **हॉट प्रश्न –** 1. मानव को ईश्वर ने अनोखी वस्तु बुद्धि दी है। 2. आदिमानव ने वन्य जीव-जन्तुओं से अपनी रक्षा बुद्धि के बल पर की। 3. ऋषि मुनि ईश्वर से मंत्रों द्वारा सद्बुद्धि की प्रार्थना करते थे। **(ख)** 1. अ 2. ब 3. स **(ग)** 1. दाँत 2. स्वामी 3. युद्ध 4. ईश्वर 5. बुद्धि। **(घ)** 1. (✗) 2. (✓) 3. (✗) 4. (✓) 5. (✗)। **(घ)** 1. (ब) 2. (अ) 3. (द) 4. (स)।

अध्याय- 2 दृढ़ संकल्प

मौखिक अभ्यास – 1. दृढ़ संकल्प कर वकीलों की भाँति बोलने वाला व्यक्ति अब्राहम लिंकन था। 2. सायंकाल के समय राजा शान्तनु यमुना तट पर घूम रहा था। 3. देवव्रत ने युवती के पिता को कहा कि आप अपनी पुत्री को रानी बनने दें, मैं अपना राजा बनने का अधिकार छोड़ता हूँ। **(क)** 1. अब्राहम लिंकन अमेरिका के राष्ट्रपति थे। 2. राजा शान्तनु ने युवती को यमुना नदी के तट पर देखा। 3. देवव्रत ने विवाह नहीं करने तथा राज्य का अधिकारी नहीं बनने का दृढ़ संकल्प लिया। 4. देवव्रत राजा शान्तनु के पुत्र थे। 5. युवती के पिता ने राजा से 'उसकी पुत्री का पुत्र ही राजगद्दी का उत्तराधिकारी होने' की शर्त रखी। **हॉट प्रश्न –** 1. युवती के पिता ने देवव्रत के सामने संदेह व्यक्त किया किया कि मान लो, तुम्हारा कोई वीर पुत्र हो, वह बाद में राज्य छीन ले, तो फिर क्या होगा। 2. अब्राहम लिंकन के प्रभावशाली भाषण के कारण उन्हें राष्ट्रपति चुना गया। 3. दृढ़संकल्प का आशय 'प्रतिज्ञा' है। जिसे हम किसी काम के करने या न करने के लिए लेते है। **(ख)** 1. स 2. स 3. अ **(ग)** 1. देवव्रत 2. पहाड़ी 3. युवती 4. विवाह 5. राजगद्दी। **(घ)** 1. (✗) 2. (✓) 3. (✗) 4. (✗) 5. (✓)।

अध्याय- 3 बेमेल मित्रता

मौखिक अभ्यास – 1. मेंढ़क तालाब में रहता था। 2. मेंढ़क ने चूहे से कहा, ''आओ हम दोस्त बन जाएँ, कालू भाई।'' 3. चूहे और मेंढ़क ने अपनी-अपनी कमर में रस्सी का टुकड़ा इसलिए बाँधा जिससे वह एक-दुसरे से कभी बिछुड़ न पाएँ। **(क)** 1. मेंढक को गाने का शौक था। 2. मेंढक चूहे को तालाब के उस पार ले जा रहा था। 3. रस्सी का टुकड़ा चूहा लाया। 4. तालाब की मुख्य धारा में पहुँचते ही चूहे और मेंढक दोनों डूबने लगे। इतने में ही एक चील ने उन पर झपट्टा मारा और चील ने चूहे और मेंढक को खा लिया। 5. मित्रता सदैव बराबर स्थिति के साथियों से ही करनी चाहिए। **हॉट प्रश्न –** 1. रस्सी से बंधे रहने से दोनों को ही परेशानी का अनुभव हो रहा था, क्योंकि मेंढ़क पानी में रहने का आदी था लेकिन चूहा पानी में नहीं रह पाता था। मेंढ़क धीरे-धीरे उछलकर चलता था परन्तु चूहे को तेज दौड़ने की आदत थी। 2. क्योंकि तालाब के उस पार फसल भरे खेत थे। चूहा वहाँ जाकर फसल खाना चाहता था। 3. इस बेमेल मित्रता का परिणाम ये रहा कि दोनों ही मित्रों को अपनी जान गँवानी पड़ी क्योंकि दोनों को ही चील खा गई। **(ख)** 1. ब 2. स 3. स **(ग)** 1. तालाब 2. झपट्टा 3. दौड़ने 4. फसल 5. चील। **(घ)** 1. (ब) 2. (अ) 3. (द) 4. (स)। **(ङ)** 1. (✓) 2. (✗) 3. (✓) 4. (✗) 5. (✓)।

अध्याय- 4 मित्र हो तो ऐसा हो

मौखिक अभ्यास – 1. लगभग पाँच हजार वर्ष पहले भादों के महीने में कृष्ण पक्ष की अष्टमी के दिन श्रीकृष्ण का जन्म हुआ था। 2. कंस बड़ा अत्याचारी राजा था। 3. सुदामा अपना भरण-पोषण भिक्षा माँगकर करते थे। **(क)** 1. श्रीकृष्ण का पालन-पोषण गोकुल में वसुदेव के मित्र नंदजी व उनकी पत्नी यशोदा ने किया। 2. श्रीकृष्ण के परम मित्र सुदामा नाम का एक ब्राह्मण-पुत्र था। 3. सुदामा अपने मित्र श्रीकृष्ण के लिये मुट्ठी भर चावल कपड़े की पोटली में बाँध कर भेंट के लिये लेकर गये। 4. श्रीकृष्ण ने संदीपन मुनि के गुरुकुल में शिक्षा प्राप्त की। 5. हमें अपने मित्र की हर संभव मदद करनी चाहिए। जो सुख-दुःख में साथी होता है, वही सच्चा मित्र होता है। **हॉट प्रश्न –** 1. कृष्ण बाल्यावस्था से ही बड़े पराक्रमी और साहसी थे। 2. बड़े होकर श्रीकृष्ण ने कंस व अन्य निरकुंश शासकों का संहार किया। 3. अपने गाँव लौटकर सुदामा ने देखा कि अपनी झोंपड़ी के स्थान पर एक महल बन गया व उनकी पत्नी सुन्दर गहने व वस्त्र पहने हुई थी। **(ख)** 1. अ 2. अ 3. ब **(ग)** 1. भादों 2. सुदामा 3. कंस 4. चरण 5. अमर। **(घ)** 1. (✗) 2. (✓) 3. (✓) 4. (✗) 5. (✗)।

अध्याय- 5 दया

मौखिक अभ्यास – 1. बालक को कैद किसी अपराध की वजह से

हुई। 2. झोपड़ी में एक अत्यन्त गरीब परिवार रहता था। 3. लड़के के हठ के कारण किसान को उसकी बात माननी पड़ी कि तुम मुझे पकड़कर पुलिस को सौंप दो तो तुम्हें पचास रुपये इनाम मिल जाएँगे। **(क)** 1. हाकिम ने गवाह के रूप में किसान को बुलाया। 2. किसान समीप के गाँव में एक झोंपड़ी में रहता था। 3. किसान को लगान के चालीस रुपये देने थे। 4. सारी घटना सुनकर हाकिम को बालक की दयालुता पर बड़ी प्रसन्नता हुई। बालक के मामूली अपराध का पता चलने पर हाकिम की सिफारिश पर सरकार ने बालक को छोड़ दिया। 5. बालक अवसर पाकर जेल से भाग निकला। **हॉट प्रश्न –** 1. बालक ने किसान से खाने के लिए माँगा। 2. किसान की असमर्थता सुनकर बालक अपनी भूख भूल गया। 3. किसान के सच-सच कहने पर वहाँ इकट्ठे लोगों ने किसान को पचास रुपये और दिए। हाकिम की सिफारिश पर सरकार ने बालक को छोड़ दिया। **(ख)** 1. ब 2. ब 3. स **(ग)** 1. दयालु 2. सरकार 3. बालक, भूख 4. किसान 5. भूख। **(घ)** 1. (✓) 2. (✓) 3. (✗) 4. (✗) 5. (✓)।

अध्याय- 6 सर्व धर्म उपदेश

मौखिक अभ्यास – 1. हिन्दू मंदिरों में यज्ञ, हवन तथा पूजा करते है। 2. मुसलमानों के धार्मिक ग्रन्थ का नाम 'कुरान' है। 3. सिक्खों के धर्म की प्रमुख शिक्षाएँ 'गुरु ग्रन्थ साहब' में है। **(क)** 1. हिन्दूओं के धार्मिक ग्रन्थ- वेद, उपनिषद, गीता और रामायण हैं। इनकी प्रमुख शिक्षाएँ इस प्रकार हैं - (i) हे प्रभु! हमें श्रेष्ठ मार्ग पर चलाओ। (ii) हमें अन्धकार से प्रकाश की ओर ले चलो। (iii) हमें सद्‌बुद्धि प्रदान करें। (iv) हमें दुर्गुणों से बचाएँ। (v) हे प्रभु! हमें रोग से बचाएँ। (vi) हे प्रभु! हम सारे संसार को श्रेष्ठ बनाने में जीवन लगाएँ। 2. भारत में हिन्दु, इस्लाम, सिक्ख, ईसाई, जैन व बौद्ध, पारसी धर्मों के लोग रहते हैं। 3. भारत धर्म-निरपेक्ष देश है। 4. विभिन्न धर्मों की शिक्षाएँ एक जैसी हैं। सभी धर्म सर्व-शक्तिमान ईश्वर की पूजा करते हैं। सभी धर्म लड़ाई-झगड़े को बुरा समझते हैं। हमें सभी धर्मों से अच्छे कर्म करने की शिक्षा मिलती है। 5. हिन्दू पूजा करने मन्दिर जाते हैं। **हॉट प्रश्न –** 1. सिक्ख गुरुद्‌वारों में गुरुवाणी का पाठ तथा सवद कीर्तन करते हैं। 2. ईसाइयों के भगवान को 'ईसा मसीह' के नाम से पुकारते है। 3. सभी धर्म लड़ाई-झगड़े को बुरा मानते है। **(ख)** 1. द 2. अ 3. ब **(ग)** 1. मस्जिद 2. धर्म-निरपेक्ष 3. प्रार्थना 4. ईश्वर 5. कर्म। **(घ)** 1. (✓) 2. (✗) 3. (✓) 4. (✗) 5. (✓)। **(ङ)** 1. (ब) 2. (अ) 3. (द) 4. (स)।

अध्याय- 7 कर भला तो हो भला

मौखिक अभ्यास – 1. परम पिता परमेश्वर एक महान न्यायाधीश है। 2. मधुमक्खी के प्राण खतरे में देखकर फाख्ता ने एक चौड़ा पत्ता अपनी चोंच में लेकर मधुमक्खी के निकल डाल दिया। मधुमक्खी उस पर चढ़ गई और उसके प्राण बच गये। 3. क्योंकि फाख्ता वृक्ष की टहनी पर बैठी थी, दूसरी ओर शिकारी की बंदूक का निशाना फाख्ता पर था। **(क)** 1. फाख्ता नदी के पास के वृक्ष पर बैठी थी। 2. मधुमक्खी नदी में गिर गई थी। 3. मधुमक्खी नदी के पानी में बहने लगी, तो फाख्ता ने एक चौड़ा पत्ता अपनी चोंच में लेकर बहती हुई मधुमक्खी के निकट डाल दिया। मधुमक्खी पत्ते पर चढ़ गई और पंख सूखने पर उड़ गई। 4. शिकारी के हाथ पर मधुमक्खी ने डंक मारा 5. ईश्वर हमारे कर्मों के अनुसार फल देता है। ईश्वर अच्छे कार्य करने वाले को सुख तथा बुरे कार्य करने वाले को दु:ख देता है। **हॉट प्रश्न –** 1. सर्वशक्तिमान ईश्वर हमारे कर्मो की जाँच हमारे कर्मो के आधार पर करता है। 2. मधुमक्खी ने प्राण बचने पर निश्चय किया कि समय आने पर इस भलाई का बदला अवश्य चुकाऊँगी। 3. शिकारी का निशाना इसलिए चूका क्योंकि मधुमक्खी ने उसके हाथ पर डंक मार दिया था। **(ख)** 1. द 2. अ 3. ब **(ग)** 1. अच्छे 2. मधुमक्खी 3. निशाना 4. पत्ते 5. फाख्ता। **(घ)** 1. (✓) 2. (✗) 3. (✓) 4. (✗) 5. (✓)

अध्याय- 8 बोला तो मरा

मौखिक अभ्यास – 1. सन्त ने राजा से कहा कि तुम्हारे प्रारब्ध में संतान नहीं लिखी है। 2. संत के शिष्य को राजा ने बताया कि मैं संतान की कामना से आया था पर काम हुआ नहीं। 3. शिष्य को अपने वचन के कारण राजा के घर पुत्र बनकर जन्म लेना पड़ेगा। **(क)** 1. राजा सन्तान प्राप्ति के लिए सन्त के पास गया। 2. राजा को रास्ते में सन्त का शिष्य मिल गया। 3. राजा के आदमी राजकुमार को घुमाने के लिये वन में ले गये। 4. शिकारी पक्षी की खोज कर रहा था। 5. हमें बिना सोचे-समझे कभी नहीं बोलना चाहिए अन्यथा बुरा परिणाम हो सकता है। **हॉट प्रश्न –** 1. सन्त ने राजा से कहा कि तुम्हारे प्रारब्ध में संतान नहीं लिखी है। 2. राजा का पुत्र सब शुभ लक्षणों से संपन्न था परन्तु बोलता नहीं था। 3. राजा के आश्चर्य चकित होने पर राजकुमार बने साधु ने कहा, महाराज! मैं वही साधु हूँ, जिसने आपको संतान होने का आर्शीवाद दिया था। आपके प्रारब्ध में संतान नहीं थी, पर मैंने वचन दे दिया। इसलिए मुझे आपके घर जन्म लेना पड़ा अगर मैं नहीं बोलता तो दुबारा जन्म न लेना पड़ता। **(ख)** 1. ब 2. स 3. अ **(ग)** 1. सन्त 2. उदास 3. बोलता 4. प्रारब्ध 5. मरा। **(घ)** 1. (✗) 2. (✗) 3. (✗) 4. (✓) 5. (✓)। **(ङ)** 1. (ब) 2. (द) 3. (अ) 4. (स)।

अध्याय- 9 गुरु भक्त एकलव्य

मौखिक अभ्यास – 1. एकलव्य ने गुरु द्रोणाचार्य को अपना परिचय दिया – ''गुरुजी मैं निषादराज हिरण्यधनु का पुत्र एकलव्य हूँ। 2. द्रोणाचार्य ने एकलव्य से कहा – ''वत्स एकलव्य! मैं हस्तिनापुर के राजकुमारों को धनुर्विद्या सिखाता हूँ। मैं तुम्हें धनेर्विद्या नहीं सिखा सकता। 3. गुरु द्रोणाचार्य की मूर्ति के सामने एकलव्य अभ्यास कर रहा था। **(क)** 1. एकलव्य निषादराज हिरण्यधनु का पुत्र था। 2. एकलव्य गुरु द्रोणाचार्य की मूर्ति बनाकर उनका ध्यान कर बाण चलाने का अभ्यास करने लगा। निरन्तर अभ्यास करते रहने के कारण एकलव्य धनुर्विद्या में निपुण हो गया। 3. एकलव्य ने गुरुदक्षिणा में अपने दाहिने हाथ का अँगूठा काटकर गुरु द्रोणाचार्य के चरणों में रख दिया। 4. गुरु द्रोणाचार्य हस्तिनापुर के राजकुमारों अर्थात् कौरव तथा पाण्डवों को धनुर्विद्या सिखाते थे। 5. हमें सफलता प्राप्त करने के लिए गुरुजनों के प्रति श्रद्धा एवं निरन्तर अभ्यास करना चाहिए। **हॉट प्रश्न –** 1. एकलव्य द्रोणाचार्य को गुरु मान चुका था। 2. अपने अभ्यास में विघ्न देखकर एकलव्य ने कुत्ते का मुँह बाणों से भर दिया। 3. कुत्ते को देखकर सभी को यह आश्चर्य हुआ कि बाण कुत्ते के मुँह में इस प्रकार घुसे हुए थे कि कुत्ते को चोट भी नहीं लगी और उसका भौंकना भी बंद हो गया। **(ख)** 1. ब 2. अ 3. स **(ग)** 1. एकलव्य 2. द्रोणाचार्य 3. दाहिने 4. गुरुभक्ति 5. सफलता। **(घ)** 1. (✗) 2. (✗) 3. (✓) 4. (✓) 5. (✓)। **(ङ)** 1. (द) 2. (अ) 3. (ब) 4. (स)।

अध्याय- 10 आत्म-संयम

मौखिक अभ्यास – 1. जिस पुरुष की इन्द्रियाँ वश में हो तो उसकी बुद्धि भी स्थिर होती है। 2. बड़ा योद्धा वही है, जो अपने आप को जीत ले। 3. युसुफ हुसैन को संत के पास रहते हुए चार वर्ष बीत गए। **(क)** 1. बक्से में एक चूहा था। 2. धर्म की दीक्षा के लिए आत्म-संयम की आवश्यकता होती है। 3. यूसूफ खाली बक्सा लेकर संत जुन्नून के मित्र के पास गये। 4. यूसूफ सन्त जुन्नून के पास धर्म की दीक्षा लेने के लिए गये। 5. चार वर्ष बाद जुन्नून ने यूसूफ से आने का कारण पूछा। **हॉट प्रश्न –** 1. सन्त के पूछने पर युसुफ ने वहाँ आने का कारण धर्म की दीक्षा प्राप्त करना बताया। 2. बक्सा ले जाते समय युसुफ बक्से को खोलने की उधेड़बुन में था। 3. लौटने पर संत ने युसुफ से कहा, ''युसुफ तुम अभी धर्म की दीक्षा प्राप्त करने योग्य नहीं हुए हो। तुम्हारा चिंतन बड़ा चंचल है। **(ख)** 1. ब 2. अ 3. ब **(ग)** 1. सन्त 2. दीक्षा 3. चूहा 4. दु:खी 5. ध्येय। **(घ)** 1. (✓) 2. (✗) 3. (✗) 4. (✓) 5. (✗)। **(ङ)** 1. (ब) 2. (अ) 3. (द) 4. (स)।

अध्याय- 11 बस यात्रा के नियम

मौखिक अभ्यास – 1. बस यात्रा के नियम इसलिए बने है ताकि यात्रियों को असुविधा न हो। 2. बस में चढ़ते समय भीड़ होने पर हमें पंक्ति बनाकर बस में चढ़ना चाहिए और उतरना चाहिए। 3. उन लड़को को सभी अच्छा कहते हैं, जो किसी बुजुर्ग या महिला को खड़ा देखकर अपनी सीट उन्हें दे दें और खुद खड़े हो जाएँ। **(क)** 1. बस में बिना टिकट यात्रा करने पर जुर्माना देना पड़ता है। 2. बस में चढ़ने के लिए और उतरने के लिए बस-स्टैण्ड बने होते हैं। 3. बस में से अपने हाथ या सिर को खिड़की से बाहर नहीं निकालना चाहिए, इससे दुर्घटना हो सकती है। 4. यदि बस में महिला खड़ी हो, तो हम अपनी सीट उन्हें देकर खुद खड़े हो जाएँगे। 5. बस यात्रा के नियम- (i) बस में पंक्ति बनाकर ही चढ़ना व उतरना चाहिए। (ii) बस में खिड़की के पास बैठने पर शरीर का कोई भी अंग बाहर नहीं निकालना चाहिए। (iii) बस में टिकट खरीदकर ही यात्रा करनी चाहिए। **हॉट प्रश्न –** 1. बस में यात्रा करने का दूसरा नियम बस में बैठने का है। महिलाओं के लिए लिखी हुई सीट पर किसी अन्य को नहीं बैठना चाहिए। 2. यदि कोई अपनी सीट पर बिठाए तो उसे धन्यवाद अवश्य कहना चाहिए। 3. बस यात्रा का सबसे महत्वपूर्ण नियम है – टिकट खरीदना। क्योंकि बिना टिकट यात्रा करना कानूनी अपराध है। **(ख)** 1. स 2. ब 3. स **(ग)** 1. गाना 2. खाली 3. खड़ा 4. उतरना 5. सज्जन। **(घ)** 1. (✓) 2. (✗) 3. (✓) 4. (✓) 5. (✗)। **(ङ)** 1. (स) 2. (द) 3. (ब) 4. (अ)।

अध्याय- 12 अनुशासन का महत्त्व

मौखिक अभ्यास – 1. संयमित जीवन के लिए अनुशासन का पालन करना आवश्यक है। 2. देश का भविष्य आज के विद्यार्थियों की अनुशासन प्रियता पर निर्भर करता है क्योंकि आज के विद्यार्थी ही कल के कर्णधार होंगे। 3. अमेरिकी लेखक गाँधीजी से टहलने के समय मिलने आया। **(क)** 1. अनुशासन का शाब्दिक अर्थ है- शासन का अनुगमन अर्थात् नियमों का ठीक प्रकार से पालन करना तथा संयम से रहना है। 2. अनुशासन का जीवन में महत्त्व- (i) संयमित जीवन के लिए अनुशासन का पालन करना आवश्यक है। (ii) विद्यार्थियों को भविष्य-निर्माण के लिए अनुशासित होना जरूरी है। (iii) अनुशासन के बिना जीवन में सफलता संभव नहीं है। (iv) अनुशासन से ही चरित्र का निर्माण व विकास होता है। (v) जीवन की सफलता और मानसिक शान्ति का आधार भी अनुशासन ही है। (vi) अनुशासन ही मनुष्य में दया, क्षमा, श्रद्धा, परोपकार आदि मानवीय गुणों का विकास करता है। (vii) अनुशासन से व्यक्ति महान् बन सकता है। (viii) अनुशासन से मनुष्य जीवन में आने वाली कठिनाइयों का सामना कर सकता है। (ix) अनुशासनहीनता मनुष्य को पतन के गर्त में ले जाती है। (x) अनुशासन के बल पर मनुष्य जीवन में उन्नति प्राप्त कर सकता है। 3. फ्रांस का महान् सम्राट 'नेपोलियन बोनापार्ट' कहलाये। 4. अब्राहम लिंकन अमेरिका के राष्ट्रपति बने। 5. एक बार एक अमेरिकन लेखक गाँधीजी से मिलने के लिए आया। उस समय गाँधीजी के टहलने का समय था। गाँधीजी ने कहा, ''श्रीमान् जी, अगर आप कोई बात करना चाहते हैं, तो मेरे साथ टहलने चलें, क्योंकि मेरा टहलने का समय हो गया है।'' इससे हमें गाँधीजी के अनुशासन प्रिय होने का पता चलता है। **हॉट प्रश्न –** 1. चरित्र का निर्माण और विकास अनुशासन से ही संभव है क्योंकि जीवन की हर सफलता और मानसिक शांति का आधार भी अनुशासन ही है। 2. अनुशासनहीनता मनुष्य को पतन के गर्त में ले जाती है और जीवन में अनेक प्रकार की कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। 3. 'दि लाइफ बिग्रेड' की कहानी अनुशासन की महत्ता को सर्वोपरि स्थान प्रदान करती है। **(ख)** 1. ब 2. स 3. स **(ग)** 1. अनुशासन 2. मानवीय 3. कर्णधार 4. अमेरिकन 5. मनुष्य। **(घ)** 1. (✓) 2. (✓) 3. (✗) 4. (✓) 5. (✓)।

कक्षा - 8

अध्याय- 2 शरणागत की रक्षा

मौखिक प्रश्न – 1. राजा शिवि एक दयालु और धर्मात्मा राजा थे। 2. अग्निदेव ने कबूतर का रुप धारण किया। 3. बाज के रुप में देवराज इंद्र थे। **(क)** 1. राजा शिवि के राज्य में प्रजा हर तरह से सुखी थी। 2. देवराज इन्द्र और अग्निदेव ने राजा शिवि की परीक्षा ली। 3. बाज ने राजा से कहा, ''महाराज, यह कबूतर मेरा शिकार है, आप इसे छोड़ दीजिए। मैं इसे खाऊँगा। भूख से मेरी जान निकली जा रही है। आप तो न्यायी हैं। आपको किसी का शिकार नहीं छीनना चाहिए।'' 4. क्योंकि तराजू का कबूतर वाला पलड़ा भारी था, इसलिये राजा शिवि तराजू के दूसरे पलड़े में स्वयं बैठ गए। 5. इस कहानी से हमें शिक्षा मिलती है कि दीन दु:खियों की सेवा करना मानव का परम् धर्म है। अत: हमें सभी की सहायता करने का प्रयत्न करना चाहिए। **हॉट प्रश्न –** 1. राजा शिवि ने तराजू में पहले एक जाँघ का फिर दूसरी जाँघ का माँस रख दिया परन्तु कबूतर वाला पलड़ा ही भारी रहा। अंत में राजा स्वयं तराजू में बैठ गए। इस बार उनका पलड़ा भारी होकर जमीन पर टिक गया। इस प्रकार अग्निदेव रूपी कबूतर तथा इंद्रदेव रूपी बाज ने राजा शिवि की परीक्षा ली। 2. राजा शिवि ने कहा, प्रजा के सभी लोग मेरे पुत्र समान है। मैं दूसरे प्राणी को नहीं मारूँगा। मैं तुम्हें कबूतर के बदले अपने शरीर का माँस दुँगा। **(ख)** 1. ब 2. स 3. स **(ग)** 1. कबूतर 2. शरणागत 3. पुत्र 4. बाज 5. गोद। **(घ)** 1. (✗) 2. (✓) 3. (✗) 4. (✓) 5. (✓)।

अध्याय- 3 खजाना

मौखिक अभ्यास – 1. किसान ने अपने बेटों को खजाने का लालच दिया। 2. किसान के तीन बेटे थे। 3. हाँ, किसान के बेटो को परिश्रम

का महत्व समझ में आया। **(क)** 1. किसान के बेटे जवान और स्वस्थ थे, लेकिन वे आलसी थे। पिता की कमाई उड़ाने में उन्हें आनन्द आता था। मेहनत करके पैसा कमाना उन्हें अच्छा नहीं लगता था। 2. किसान ने अपने बेटों को बुलाकर कहा, ''तुम लोगों के लिए मैंने अपने खेत में एक खजाना छिपा रखा है। तुम लोग खेत को खोदकर उस खजाने को निकालकर आपस में बाँट लो।'' 3. किसान और उसके तीनों बेटों ने मिलकर बहुत लगन से खेत की बुवाई की। 4. किसान के तीन बेटे थे। 5. किसान अपने बेटों को परिश्रम का खजाना सौंपना चाहता था। **हॉट प्रश्न –** 1. किसान ने अपने बेटों को परिश्रम का महत्व खजाने का लालच देकर समझाया, जिसमें उसके पुत्रों ने खजाने के लालच में पूरा खेत खोद डाला। किसान और उसके पुत्रों ने खेत की बुवाई कर दी। इससे फसल बहुत अच्छी हुई। 2. किसान ने लहलहाती फसल को देखकर कहा, 'वाह क्या खूब फसल हुई है। यही हैं वह खजाना जिसे मैं तुम लोगों को सौंपना चाहता था।' 3. किसान के बेटो ने खजाना अपने परिश्रम से फसल उगाकर प्राप्त किया। **(ख)** 1. स 2. ब 3. अ **(ग)** 1. तीन 2. मीठा 3. कुंजी 4. पैदावार 5. शोभा। **(घ)** 1. (✗) 2. (✓) 3. (✗) 4. (✓) 5. (✓)। **(ङ)** 1. (ब) 2. (अ) 3. (द) 4. (स)।

अध्याय- 4 दधीचि का त्याग

मौखिक अभ्यास – 1. अपने शरीर का त्याग करके दधीचि ने हड्डियाँ दान की थी। 2. राक्षस का नाम वृत्रासुर था। 3. ऋषि दधिचि के पास देवराज इन्द्र गए थे। **(क)** 1. दूसरों के हित के लिए अपनी प्रत्येक वस्तु को छोड़ देना 'त्याग' कहलाता है। 2. ब्रह्माजी ने देवताओं से कहा, ''वृत्रासुर के वध का केवल एक ही उपाय है। मृत्युलोक में नैमिषारण्य नामक स्थान पर महात्मा दधीचि तपस्या कर रहे हैं। यदि वे अपनी हड्डियाँ दे दें और उनसे वज्र बनाया जाए तो उसी वज्र से वृत्रासुर का वध किया जा सकता है।'' 3. वृत्रासुर राक्षसों का राजा था। वह शिवजी का परम् भक्त था। 4. महात्मा दधीचि के शरीर की हड्डियों से वज्र बनाया गया। 5. हजारों वर्ष पूर्व हमारे देश में दधीचि नामक महात्मा हुए थे। उसी समय राक्षसों का राजा वृत्रासुर, जो कि बड़ा वीर और शक्तिशाली था, ने तीनों लोकों पर अधिकार कर लिया। वृत्रासुर के अत्याचारों से परेशान देवराज इन्द्र सहित सभी देवताओं ने ब्रह्माजी से राक्षसों से मुक्ति पाने का उपाय पूछा। ब्रह्माजी के परामर्श से सभी देवतागण महात्मा दधीचि के पास पहुँचे और अपनी हड्डियाँ देने की प्रार्थना की। दधीचि ने हर्ष के साथ अपने शरीर का त्याग कर हड्डियाँ इन्द्र को दे दी, इनसे वज्र बनाकर उन्होंने वृत्रासुर का वध कर दिया। **हॉट प्रश्न** – 1. राजा इन्द्र ने दधीचि से प्रार्थना की और अपने आगमन का उद्देश्य बताया। 2. ऋषि दधीचि ने सभी देवताओं के उपकार के लिए अपने नश्वर शरीर का त्याग कर दिया और अपनी हड्डियाँ इन्द्र को दे दी। 3. राक्षस वृत्रासुर का वध देवराज इन्द्र ने किया। **(ख)** 1. स 2. अ 3. ब **(ग)** 1. महापुरुष 2. मृत्युलोक 3. शिवजी 4. शरीर, हड्डियाँ 5. लोग। **(घ)** 1. (✓) 2. (✓) 3. (✗) 4. (✗) 5. (✓)।

अध्याय- 5 परीक्षा

मौखिक अभ्यास – 1. पांडव पाँच भाई थे – युधिष्ठर, भीम, अर्जुन, नकुल और सहदेव। 2. आकाश से भी ऊँचा पिता है। 3. अर्जुन ने क्रोधित होकर आवाज की दिशा में शब्दभेदी बाण छोड़े। **(क)** 1. सबसे पहले सहदेव पानी लेने गया। 2. सभी भाइयों को ''ठहर जाओ! पहले मेरे प्रश्नों का उत्तर दो, फिर पानी पीना, अन्यथा तुम्हारी भी तुम्हारे भाइयों जैसी ही दशा होगी।'' आवाज सुनाई दी। 3. 'यक्ष' युधिष्ठिर के पिता 'धर्मराज' थे। 4. यक्ष ने प्रसन्न होकर युधिष्ठिर के सभी भाइयों को जीवित कर दिया। 5. युधिष्ठिर ने आवाज की ओर मुँह करके कहा, ''आप अपने असली रूप में प्रकट होकर प्रश्न पूछें। मैं उत्तर देने के लिए तैयार हूँ।'' **हॉट प्रश्न –** 1. धर्मराज युधिष्ठर ने अपने भाईयों के प्राण यक्ष का सही-सही उत्तर देकर बचाए। 2. विपत्ति के समय हमें सोच-समझकर बुद्धि तथा धैर्य से काम लेना चाहिए। **(ख)** 1. द 2. स 3. ब **(ग)** 1. पाण्डवों 2. सहदेव 3. आवाज 4. धर्मराज 5. धैर्य। **(घ)** 1. (✓) 2. (✗) 3. (✓) 4. (✗) 5. (✓)। **(ङ)** 1. (द) 2. (स) 3. (ब) 4. (अ)।

अध्याय- 6 महात्मा गाँधी

मौखिक अभ्यास – 1. गाँधी जी के पिता का नाम कर्मचन्द्र गाँधी था। 2. वकालात करने के लिए गाँधीजी विलायत चले गए। 3. गाँधी जी का विवाह कस्तूरबा गाँधी से हुआ। **(क)** 1. गाँधीजी का जन्म 2 अक्टूबर, सन् 1869 को काठियावाड़ के पोरबन्दर नामक स्थान पर हुआ। 2. गाँधीजी ने सन् 1920 ई. में असहयोग आन्दोलन शुरू किया। 3. गाँधीजी ने विदेश जाने से पूर्व अपनी माता के सामने प्रतिज्ञा की कि ''विदेश जाकर भी मैं मांस, मदिरा का सेवन नहीं करूँगा और अनाचार से दूर रहूँगा।'' 4. अहिंसा एक महान् व्रत व प्रतिज्ञा है, जिस पर जीवन-भर चलने के लिए त्याग और आत्म-विश्वास आवश्यक है। अहिंसा में प्रेम की पराकाष्ठा और सभी लोगों का हित छिपा हुआ है। 5. गाँधीजी के मुख्य उपदेश- (i) श्रद्धा और प्रार्थना के अभाव में किया गया कार्य बिना सुगन्ध के फूल की तरह होता है। (ii) मेहनत करने वाला ही जमीन का मालिक होता है। (iii) मौन में ही सर्व अर्थ-सिद्धि है। **हॉट प्रश्न –** 1. गाँधी जी ने दक्षिण अफ्रीका में हुए भारतीयों के साथ अमानुषिक व्यवहार के विषय में यहाँ की जनता को अवगत कराया। 6 महीने बाद 800 भारतीयों के साथ ये फिर अफ्रीका गए। 2. भारत में गाँधीजी ने भारत छोड़ो आन्दोलन, असहयोग आन्दोलन आदि चलाये थे। **(ख)** 1. स 2. अ 3. ब **(ग)** 1. मौन 2. गाँवों 3. महान 4. कुली 5. प्रार्थना-सभा। **(घ)** 1. (✗) 2. (✓) 3. (✓) 4. (✓) 5. (✗)।

अध्याय- 7 मातृ-भक्त अली

मौखिक अभ्यास – 1. मुसलमानों के दो पवित्र तीर्थ-स्थल मक्का और मदीना है। 2. अली अपनी माँ के लिए रातभर पानी का गिलास लेकर खड़ा रहा। 3. मक्का में ही पवित्र तीर्थ काबा है। **(क)** 1. अली ने नींद में एक सपना देखा। सपना बड़ा मीठा था। 2. उसे अपने प्यारे बेटे पर बड़ा गर्व था। सुबह होने पर अली को पानी का गिलास लिए अपने पास खड़े देखकर और सारा किस्सा सुनकर उसकी माँ रो पड़ी और अली को छाती से लगा लिया। 3. मौलवी साहब कहते थे कि माँ का स्थान काबा से भी ऊँचा है। जिस जमीन पर माँ के पैर हैं, वहीं काबा है।'' 4. मातृ-भक्ति से बालक महान् बनता है। 5. अली को ख्याल आया, ''कहीं माँ ने जागकर दुबारा पानी माँग लिया। उस वक्त पानी न मिला तो माँ को बड़ी तकलीफ होगी।'' यह सोचकर वह गिलास लिए खड़ा रहा। **हॉट प्रश्न –** 1. मौलवी साहब ने माँ के बारे में कहा था कि माँ का स्थान काबा से भी ऊँचा है। जिस जमीन पर माँ के पैर है, वहीं काबा है। 2. अली ने अपनी माँ से कहा, ''माँ तुमने मेरे लिए कितनी तकलीफ उठाई होगी। मुझे कठिनाइयों से पाल-पोस कर बड़ा किया होगा। मैं कैसे जाकर

सो सकता था। **(ख)** 1. ब 2. अ 3. स **(ग)** 1. महान् 2. पवित्र 3. सपना 4. गले 5. गिलास। **(घ)** 1. (✓) 2. (✗) 3. (✓) 4. (✗) 5. (✓)। **(घ)** 1. (ब) 2. (अ) 3. (स)।

अध्याय- 8 गुरुभक्त संदीपन

मौखिक अभ्यास – 1. श्रीकृष्ण जी के गुरु जी का नाम गुरु संदीपन था। 2. संदीपन ने बालक को गुरुजी के कहने पर कुएँ में डाला। 3. संदीपन की बार-बार परीक्षा उनके गुरु ले रहे थे। **(क)** 1. श्रीकृष्ण ने संदीपन ऋषि के गुरुकुल में शिक्षा प्राप्त की। 2. संदीपन की परीक्षा उनके गुरुजी ने ली। 3. गुरुजी की झोंपड़ी संदीपन ने जलाई। 4. संदीपन ने गुरुजी के बालक को कुएँ में गिरा दिया। 5. इस कहानी से शिक्षा मिलती है कि गुरु की आज्ञा का पालन करना सर्वोपरि धर्म है। हमें सदैव अपने गुरुजनों की आज्ञा का तत्काल पालन करना चाहिए। **हॉट प्रश्न –** 1. गुरुभक्ति ऐसी होनी चाहिए कि गुरु की आज्ञा को नीचे नहीं गिरने देना अर्थात उस पर विचार किए बिना ही तत्काल काम कर देना। 2. गुरुजी संदीपन की परीक्षा बार-बार ले रहे थे, कभी अपने बालक को कुएँ में डलवा कर, कभी झोपड़ी में आग लगवाकर। 3. गुरुजी ने प्रसादी के रुप में संदीपन को आर्शीवाद दिया कि त्रिलोकी नाथ तेरे शिष्य बनेंगे। **(ख)** 1. स 2. अ 3. स **(ग)** 1. मध्यम 2. गुरु 3. शिष्य 4. शक्ति 5. रोका। **(घ)** 1. (✓) 2. (✗) 3. (✓) 4. (✗) 5. (✗)।

अध्याय- 9 चार आशीर्वाद

मौखिक अभ्यास – 1. साधु के पास चार आदमी आर्शीवाद लेने के लिए आते है। 2. साधु 'चिरंजीव रहो' का आर्शीवाद राजकुमार को देता है। 3. मनुष्य को अपना जीवन ऐसा बनाना चाहिए कि जीते भी सुख रहे और मरने पर भी सुख रहे। **(क)** 1. शिकारी जंगल में जा रहा था। 2. कुटिया के भीतर शिकारी, राजकुमार, तपस्वी और साधु गये। 3. बाबाजी ने राजकुमार को सदा जीते रहने का आशीर्वाद दिया। 'चिरंजीव रहो' का अर्थ है, 'लम्बे समय तक जीवित रहना'। 4. बाबाजी ने साधु का जीवन सबसे अच्छा बताया। साधु जीता रहेगा, तो भजन-स्मरण करेगा, दूसरों का उपकार करेगा और मर जाएगा तो भगवान के धाम में जाएगा। वह जीता रहे तो भी आनन्द है, मर जाए तो भी आनन्द है। 5. इस कहानी से शिक्षा मिलती है कि मनुष्य को गृहस्थ में रहते हुए भी साधु जैसा जीवन व्यतीत करना चाहिए। क्योंकि साधु पुरुष भगवान का भजन-स्मरण करते हैं और दूसरों की सेवा करते हैं, इससे जीवन भर आनन्द और मरने के बाद भी आनन्द प्राप्त होता है। **हॉट प्रश्न –** 1. साधु ने राजकुमार को 'चिरंजीव रहो' का आर्शीवाद दिया। तपस्वी से कहा – 'ऋषि पुत्र! तुम मत जीओ।' साधु से कहा – 'तुम चाहे जीओ, चाहे मरो, जैसी तुम्हारी मर्जी।' शिकारी से कहा – 'तुम न जीओ, न मरो।' 2. साधु का जीवन ऐसा है, यदि जीता रहेगा तो भजन-स्मरण करेगा और दूसरों का उपकार करेगा और मर जाएगा तो भगवान के धाम में जाएगा। वह जीता रहे तो भी आनन्द है, मर जाए तो भी आनन्द है। 3. राजा के बारे में साधु ने कहा – 'राजा को नरक में जाना पड़ता है। मनुष्य पहले तप करता है, तप के प्रभाव से राजा बनता है। और फिर मरकर नरक में जाता है। तपेश्वरी, राजेश्वरी, नरकेश्वरी। **(ख)** 1. ब 2. स 3. स **(ग)** 1. शिकारी 2. नरक 3. गृहस्थ, साधु 4. जीवों 5. आशीर्वाद। **(घ)** 1. (✗) 2. (✓) 3. (✓) 4. (✗) 5. (✓)।

अध्याय- 10 अतिथि-सेवा

मौखिक अभ्यास – 1. रन्तिदेव को प्रजा देवता तुल्य मानती थी। 2. राजा को अड़तालीस दिनों तक भोजन नहीं मिला। 3. अतिथि धर्म का पालन करने पर राजा की समृद्धि के द्वार खुल गए। **(क)** 1. रन्तिदेव को संतोष था कि विपत्ति की घड़ी में भी वे अतिथि-धर्म का पालन कर सके। 2. राज्य में भयंकर अकाल पड़ने के कारण अन्न-पानी की कमी हो गई थी और चारों ओर विनाश का भय छा गया, इसलिये लोग राज्य छोड़कर अन्यत्र चले गये। 3. भिक्षुक ने जाते समय कहा, ''महाराज, प्राणीमात्र की सेवा से संकट में भी मुँह नहीं मोड़ना श्रेष्ठ पुरुषों का धर्म है। इस नीति का पालन करने वाले राजा के राज्य में अकाल! आश्चर्य है।'' 4. रन्तिदेव को भोजन से पूर्व किसी अतिथि को भोजन न करा पाने की पीड़ा सता रही थी। 5. याचक ने प्रसन्न होकर फलने-फूलने का आशीर्वाद दिया। **हॉट प्रश्न –** 1. राजा रन्तिदेव ने मिली हुई भोजन सामग्री में से अपना भाग दीन व्यक्ति को दे दिया। बची हुई भोजन सामग्री को परिवार में विभक्त कर रहे थे कि राजा ने भिक्षुक को फिर अपना हिस्सा दे दिया। शेष भोजन को भी रोग व भूख से पीड़ित व्यक्ति को दे दिया। स्वयं जल पीकर रह गए। 2. राजा को भोजन सामग्री को वितरित करने पर अतिथियों का आर्शीवाद प्राप्त हुआ। 3. भगवान की सेवा वास्तविक रुप में अतिथि सेवा ही होती है। **(ख)** 1. स 2. ब 3. द **(ख)** 1. प्रजा 2. अकाल 3. निर्जन 4. खीर 5. समृद्धि। **(घ)** 1. (✓) 2. (✓) 3. (✗) 4. (✗) 5. (✓)।

अध्याय- 11 प्रदूषण

मौखिक अभ्यास – 1. प्रदूषण बढ़ने का मुख्य कारण जनसंख्या वृद्धि है। 2. ध्वनि प्रदूषण सार्वजनिक स्थानों पर सभा में लाउड स्पीकरों से, साइलेंसरहित मोटर साइकिलों और स्टीरियो आदि से होता है। 3. प्रदूषण कम करने के लिए कल-कारखानों को घनी बस्ती के बाहर लगाना चाहिए। **(क)** 1. पर्यावरण में उपस्थित तत्वों का अनुपात या संतुलन अनिश्चित व प्रदूषित होना प्रदूषण कहलाता है। 2. विकसित देशों में अन्न की उपज बढ़ाने के लिए कृत्रिम खादों, कीटनाशक दवाओं आदि का अत्यधिक मात्रा में उपयोग हो रहा है। इसके अतिरिक्त औद्योगिक क्षेत्रों के कचरे से, मोटरगाड़ियों के धुएँ से और नाभिकीय ऊर्जा आदि से पर्यावरण-प्रदूषण बढ़ा है। 3. जनसंख्या बढ़ने से मृदा-प्रदूषण तथा जल एवं वायु प्रदूषण बढ़ रहे हैं। 4. गाँवों में स्वच्छता एवं गन्दे पानी की निकासी के अभाव में प्रदूषण बढ़ता जा रहा है। 5. शहरी क्षेत्रों में साइलेंसर हीन मोटरसाइकिल और स्टीरियों से शोर बढ़ रहा है। सार्वजनिक स्थानों पर लाउडस्पीकर तथा उत्सवों के अवसर पर आतिशबाजी करने से भी शोर या ध्वनि की गति तीव्र हो रही है। **हॉट प्रश्न –** 1. पर्यावरण में उपस्थित तत्वों का अनुपात या संतुलन अनिश्चित व प्रदूषित होना प्रदूषण कहलाता है। प्रदूषण के प्रकार – 1. जल प्रदूषण 2. वायु प्रदूषण 3. ध्वनि प्रदूषण 4. जैव प्रदूषण। 2. अधिक जनसंख्या वृद्धि के कारण अधिक अन्न उपजाना पड़ता है। इसके लिए अधिक मात्रा में कृत्रिम खादें व कीटनाशक दवाएँ उपयोग में लानी होती है। इनके उपयोग से मृदा प्रदूषित होती है तथा जल एवं वायु-प्रदूषण बढ़ता है। **(ख)** 1. ब 2. अ 3. स **(ग)** 1. कल-कारखानें 2. जनसंख्या 3. ध्वनि 4. निकासी 5. पर्यावरण। **(ग)** 1. (✗) 2. (✓) 3. (✗) 4. (✓) 5. (✓)।

अध्याय- 12 श्रम का महत्त्व

मौखिक अभ्यास – 1. समाज कर्मशील व्यक्तियों का सम्मान करता है। 2. लक्ष्मी सदैव उद्योगी पुरुष पर ही प्रसन्न रहती है। 3. मानव जीवन के उत्थान का प्रथम और अंतिम चरण कर्म है। **(क)** 1. श्रम का महत्त्व सर्वविदित है। परिश्रम को सफलता की कुंजी कहा गया है। मानव-जीवन कर्म-सौन्दर्य के बिना निष्फल है। उद्योगी पुरुष का ही सदैव लक्ष्मी वरण करती है तथा उद्योगी ही यश का भागी बनता है। परिश्रमी व्यक्ति में आत्मबल बढ़ता है। श्रम करते रहने से आलस्य नहीं होता है और व्यक्तित्व उभरता है। 2. उद्योगी पुरुष को ही सदैव लक्ष्मी वरण करती है। 3. मानव-जीवन में कर्म-उपासना के अनेक लाभ हैं, जैसे- (i) निरन्तर कर्मरत रहने से व्यक्ति कभी आलसी नहीं होता है। (ii) कर्मरत व्यक्ति का मन पवित्र हो जाता है क्योंकि उसके मस्तिष्क में कभी दूषित विचार नहीं आते। (iii) कर्मरत व्यक्ति में आत्म-बल बढ़ता है। (iv)कर्मरत रहने से व्यक्तित्व उभरता है व शरीर स्वस्थ रहता है। 4. कर्म की उपासना करते हुए सार्थक कर्म करने वाले एवं निःस्वार्थ समाज के कल्याण के लिए स्वयं को बलिदान करने वालों को संसार में याद किया जाता है। 5. कर्म करते रहने से आलस्य दूर हो जाता है। **हॉट प्रश्न –** 1. कर्मशील मनुष्य समाज के लिए अनुकरणीय सिद्ध होते है। 2. कर्म करके मनुष्य अपने जीवन को संवार सकता है क्योंकि कर्म करने से व्यक्ति अपने गन्तव्य तक पहुँच पाते है। यदि समय का मूल्यांकन कर कर्म करते रहे तो निश्चय ही सफलता मिलती है। 3. टाटा, बिड़ला, डालमिया जैसे पूँजीपति और विवेकानंद, स्वामी दयानंद जैसे न जाने कितने समाज और धर्म सुधारकों ने निःस्वार्थ समाज के कल्याण के लिए स्वयं को कर्मवेदी पर बलिदान कर दिया। **(ख)** 1. अ 2. अ 3. स **(ग)** 1. सफलता 2. कर्म 3. उद्योगी 4. पाशविक 5. सोपान। **(घ)** 1. (✓) 2. (✓) 3. (✗) 4. (✗) 5. (✓)।

❑❑❑